दिन– शनिवार दिनांक– 22 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. आईसीएआर के पूर्वी क्षेत्र कृषि अनुसंधान परिषद, पटना के स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे हुए। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने किसानों से जलवायु अनुकूल किस्मों को अपनाने पर जोर दिया।

03. प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक साठ करोड़ से अधिक श्रद्धालु लगा चुके हैं संगम में आस्था की डुबकी। रेलवे दरभंगा, सहरसा और जयनगर समेत कई स्टेशनों से चला रहा है कुंभ स्पेशल ट्रेन।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि। दिन में हो रहा है गर्मी का एहसास।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के अंतर्गत किसानों को तीन समान किस्तों में वार्षिक छह हजार रुपये दिये जाते हैं। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि देश भर के दो करोड़ पचास लाख किसान

इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत और ऑनलाइन माध्यम से शामिल होंगे। इधर, भागलपुर में सभा स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एनडीए के कई बड़े नेता तैयारियों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता और भागलपुर के पूर्व सांसद सैयद शाहनवाज हुसैन, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी समेत पार्टी के कई बड़े नेता जनसंपर्क कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दे रहे हैं।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल दरभंगा आ रहे हैं। कृषि मंत्री मखाना अनुसंधान केन्द्र में कृषकों, अधिकारियों तथा वैज्ञानिकों के साथ बैठक करेंगे।

---

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने लगभग अस्सी फसलों के दो हजार से अधिक जलवायु अनुकूल किस्मों को विकसित किया है। इसे किसानों तक पहुंचाने की जरुरत है। डॉ. पाठक आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी क्षेत्र कृषि अनुसंधान परिसर, पटना के पच्चीसवें स्थापना दिवस समारोह को वीडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों, अटारी और अन्य संस्थानों के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार जरुरी है। डॉ. पाठक ने कहा कि किसानों को बायो फोर्टिफाइड फसलों की खेती की भी जानकारी देने की जरुरत है।

———बाइट———

महानिदेशक ने कहा कि प्रगति और प्रकृति दोनों को साथ लेकर चलने की जरुरत है ताकि प्रकृति को नुकसान नहीं हो। इसके लिए प्राकृतिक खेती सबसे अच्छा तरीका है।

भारतीय कृषि वैज्ञानिक चयन बोर्ड के प्रमुख डॉ. संजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि किसानों तक तकनीकी जानकारियों का प्रसार प्राथमिकता के साथ करने की जरुरत है।

————बाइट———

भारतीय कृषि अनुसंधान के पूर्वी क्षेत्र कृषि अनुसंधान परिसर– आईसीएआर आरसीईआर पटना के निदेशक डॉ. अनूप दास ने कहा कि संस्थान ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और समेकित खेती के लिए कई मॉडल विकसित किये हैं।

———बाइट———

संस्थान के रजत जयंती समारोह के अंतिम दिन आईसीएआर–आरसीईआर पटना के पच्चीस वर्षों की उपलब्धियों पर एक पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। इसके अलावा इस अवसर पर कई प्रगतिशील किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का शताब्दी समारोह चौबीस और पच्चीस फरवरी को आयोजित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पच्चीस फरवरी को समारोह में शामिल होंगी। इससे पूर्व कल जे.पी. गंगा पथ पर प्रतीकात्मक शताब्दी दौड़ का आयोजन होगा। शताब्दी दौड़ में बड़ी संख्या में पीएमसीएच के पूर्ववर्ती छात्र भाग लेंगे। शताब्दी समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ए.ए. हई ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शताब्दी समारोह ऐतिहासिक और भव्य होगा।

---

दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के स्थापना के सौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर आज शतवार्षिकी समारोह में मेडिकल के अंडर ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट तैंतालीस छात्र –छात्राओं को विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

---

और, अब खबरें महाकुंभ से–

———म्यूजिक———

प्रयागराज महाकुम्भ दो हजार पच्चीस का आज इकतालीसवां दिन है और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। अब तक साठ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, के साथ समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था में पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं, बिहार समेत सीमावर्ती राज्यों में भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं। रेलवे प्रशासन कई महाकुंभ विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। रेलवे ने बढ़ती भीड़ के प्रबंधन के लिए विभिन्न स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधायुक्त होल्डिंग एरिया बनाए हैं।

———म्यूजिक———

---

समस्तीपुर रेल मंडल के तहत महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आज चार कुंभ विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। सहरसा स्टेशन से शाम चार बजे कुंभ स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। वहीं, एक अन्य स्पेशल ट्रेन जयनगर से शाम साढ़े चार बजे खुली। इससे पहले रक्सौल से एक स्पेशल ट्रेन को रवाना किया गया। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि आज रात नौ बजे दरभंगा स्टेशन से स्पेशल ट्रेन खुलेगी।

———बाइट———

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि भारत को फिर से विश्व गुरू बनाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परिकल्पना की गई है। नई दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय के एक सौ एकवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि देशभर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस को लागू करके वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएं।

———बाइट———

आज भारत की 60 परसेंट आबादी युवाओं की है। उसमें से ज्यादातर स्कूल एंड कॉलेज एंड यूनिवर्सिटीज में रहते हैं। प्रधानमंत्री जी की जो आह्वान है हमें अपना कर्तव्य निभाना है, भारत को 2047 तक विकसित भारत में परिवर्तित करना है, तब ये संभव हो पाएगा अगर दिल्ली विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हम देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर पाएंगे।

---

केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बढ़िया बजट प्रस्तुत कर राज्य के चौमुखी विकास का मार्ग खोल दिया है। श्री सिंह शेखपुरा में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

इधर, राज्य के लघु जल संसाधन मंत्री और हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने औरंगाबाद में कहा कि केंद्रीय बजट की घोषणाओं से मध्यम वर्ग के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार के हित का बजट है। वहीं, मधेपुरा में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बजट संवाद के दौरान कहा कि केंद्र सरकार का बजट ऐतिहासिक है।

---

राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। जिसके कारण दिन के समय लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहेगा।

———बाइट———

---

होमियोपैथिक साईंस कांग्रेस, दो हजार पच्चीस का उद्घाटन बिहार सरकार के अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी ने पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में किया। यह आयोजन कल तक चलेगा। इस दौरान देश–विदेश के वक्ता होमियोपैथ के क्षेत्र में हो रहे विकास पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बी. सहनी मेमोरियल अवार्ड, फ्रेंड्स ऑफ होमियोपैथी अवार्ड और कम्युनिटी सविर्स अवार्ड प्रदान किये जायेंगे।

---

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रमुख इकाई, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की ओर से आज दरभंगा में विकसित भारत, दिव्य भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

---

सहरसा जिले के महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनपुर बाजार में भीषण अगलगी की घटना में आधा दर्जन दुकानें और एक मदरसा जलकर खाक हो गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. आईसीएआर के पूर्वी क्षेत्र कृषि अनुसंधान परिषद, पटना के स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे हुए। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने किसानों से जलवायु अनुकूल किस्मों को अपनाने पर जोर दिया।

03. प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक साठ करोड़ से अधिक श्रद्धालु लगा चुके हैं संगम में आस्था की डुबकी। रेलवे दरभंगा, सहरसा और जयनगर समेत कई स्टेशनों से चला रहा है कुंभ स्पेशल ट्रेन।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि। दिन में हो रहा है गर्मी का एहसास।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।